विशेषज्ञ से बात करें

अपने फार्मासिस्ट से बात करें

फार्मेसी छोड़ने से पहले यह जांच कर लें:

- लेबल पर रोगी का नाम सही है;
- दवाइयां लेबल पर दिए गए विवरण से मेल खाती है;
- दवा का नाम और यह क्या करता है;
- दवाइयां कब और कैसे लेनी है, कितनी अवधि तक, और यदि आप कोई खुराक भूल जाते हैं तो क्या करें;
- संभावित दुष्प्रभाव क्या हो सकते हैं और यदि वे होते हैं तो आपको क्या करना चाहिए;
- क्या दवा अन्य दवाओं या पूरक के साथ सुरक्षित रूप से काम करेगी; और
- दवा लेते समय किन खाद्य पदार्थों, पेय या गतिविधियों से बचना चाहिए।

अपने अधिकारों को जानें

कैलिफ़ोर्निया कानून के अनुसार, फार्मासिस्ट के लिए आपके द्वारा अनुरोध करने पर, आपको जितनी बार कोई **नया** प्रिस्क्रिप्शन (नुस्खा) मिलता है, और जब भी आपको एक नई खुराक, दवा की क्षमता, या लिखित निर्देश मिलता है, हर बार आपसे बात करना आवश्यक है।

इस फार्मेसी को आपके लिए कानूनी रूप से निर्धारित कोई भी दवा या उपकरण तब तक देना चाहिए, जब तक कि आप दवा या उपकरण की लागत का भुगतान करने में असमर्थ न हों, या फार्मासिस्ट निर्धारित करता है कि ऐसा करना कानून के खिलाफ होगा, या रोगी के स्वास्थ्य के लिए संभावित रूप से हानिकारक होगा। यदि कोई दवा या उपकरण तुरंत उपलब्ध नहीं है, तो फार्मेसी आपकी दवा या उपकरण को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने में आपकी सहायता के लिए काम करेगी।

दुभाषिया सेवाएं आपके अनुरोध पर बिना किसी शुल्क के उपलब्ध हैं। आप इस फार्मेसी से दवा के मूल्य निर्धारण और जेनेरिक दवाइयों के उपयोग के बारे में जानकारी मांग सकते हैं।

उपभोक्ता द्वारा फार्मेसी के बारे में कोई भी शिकायत भेजने के लिए पता और संपर्क् जानकारी:

कैलिफोर्निया स्टेट बोर्ड ऑफ फार्मेसी
2720 गेटवे ओक्स ड्राइव, सुइट 100
सैक्रामेंटो, कैलिफोर्निया 95833

(916) 518-3100
www.pharmacy.ca.gov

BE AWARE AND TAKE CARE:
Talk to your pharmacist!
CALIFORNIA STATE BOARD OF PHARMACY

अनुवाद
Traducción
翻译
ਅਨੁਵਾਦ

www.pharmacy.ca.gov/publications/ntc.shtml